# प्रधानमंत्री ने वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर का किया उद्घाटन

## चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी के चौबेपुर इलाके के उमरहा में बने स्वर्वेद मंदिर का उद्घाटन किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- स्वर्वेद मंदिर का निर्माण विहंगम योग संस्थान के प्रणेता संत सदाफल महाराज की ओर से कराया गया है।
- संत सदाफल महाराज के विश्व के अनेक देशों में आश्रम हैं, उसमे से वाराणसी का यह आश्रम सबसे बड़ा है।
- स्वर्वेद मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर भगवान की नहीं, बल्कि योग- साधना की पूजा होती है।
- स्वर्वेद मंदिर का निर्माण मकराना मार्बल से की गई है। साथ ही इस मंदिर की दीवारों पर अद्भुत नक्काशी भी की गई है।
- यह मंदिर सात मंजिला है साथ ही यह दुनिया का सबसे बड़ा मेडिटेशन सेंटर भी बन गया है। इस मंदिर में लगभग 20 हजार लोग एक साथ योग और ध्यान कर सकते हैं।
- यह मंदिर 64 हजार वर्गफीट में बना हुआ है, जिसकी ऊँचाई 180 फीट है।
- स्वर्वेद मंदिर मंदिर 200 एकड़ परिसर में फैला हुआ है।
- स्वर्वेद मंदिर के सभी तलों पर अंदर की दीवार पर लगभग 4000 स्वर्वेद के दोहे लिखे हैं। बाहरी दीवार पर 138 प्रसंग वेद उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता आदि के प्रसंग पर चित्र बनाए गए हैं।
- स्वर्वेद मंदिर के निर्माण की शुरुआत वर्ष 2004 में हुई थी। पिछले 19 वर्षों में इस मंदिर को आकार दिया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्वेद महामंदिर के लोकार्पण के साथ ही संत सदाफल महाराज की 135 फीट ऊँची प्रतिमा का भी शिलान्यास किया।



"
सरकार, समाज और संतगण,
सब साथ मिलकर काशी के
कायाकल्प के लिए काम कर रहे हैं।
आज स्वर्वेद मंदिर का
बनकर तैयार होना
इसी ईश्वरीय प्रेरणा
का उदाहरण है।
वाराणसी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण पर
पीएम मोदी, 18 दिसंबर 2023

“

# स्वर्वेद मंदिर

## भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य काएक आधुनिक प्रतीक है।

वाराणसी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण पर पीएम मोदी, 18 दिसंबर 2023





The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-ministe-inaugurates-swarved-mahamandi-in-varanasi